# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 06 मई 2024, सोमवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा बिहार के उजियारपुर में आयोजित जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु

**इंडी गठबंधन सत्ता में आई, तो लालू के समय जो जंगलराज बिहार में था, वह पूरे देश में होगा**

****************

**इन भ्रष्टाचारियों से आपके एक-एक पाई की रखवाली मोदी जी करेंगे**

****************

**अपने स्वार्थ के लिए लालू यादव पिछड़ा वर्ग विरोधी कांग्रेस की गोद में जाकर बैठ गए हैं**

****************

**लालू खुद चारा खाकर जेल गये थे, उनके साथी भी भ्रष्टाचार करने वाले हैं**

****************

**पिछड़ों के हक का आरक्षण कांग्रेस ने मुसलमानों की झोली में डाल दिया**

****************

माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज सोमवार को बिहार के उजियारपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी और राजद की तुष्टीकरण की राजनीति पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम के दौरान मंच पर बिहार सरकार में मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, श्री जनक चमार, श्री अशोक चौधरी, बिहार की पूर्व उपमुख्यमंत्री श्रीमती रेनू देवी एवं उजियारपुर लोकसभा प्रत्याशी श्री नित्यानंद राय सहित अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न देकर उन्हें जन नायक भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर बनाया है**। कर्पूरी ठाकुर जी ने मैथली भाषा को सम्मान देने की मांग की थी और स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने मैथली भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल किया था। **कांग्रेस पिछड़ी जाति की सबसे बड़ी विरोधी है और सत्ता के स्वार्थ के कारण राजद प्रमुख लालू यादव पिछड़ा विरोधी कांग्रेस के गोदी में बैठे हुए हैं**। देश में सबसे पहले पिछड़े समाज को आरक्षण देने के लिए काका साहब कारलेलकर रिपोर्ट आई थी जिसको कांग्रेस ने दबाया, फिर जब मण्डल कमीशन की रिपोर्ट को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया।

श्री शाह ने बताया कि **कांग्रेस और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने मण्डल कमीशन की शिफ़ारिशों का विरोध किया था। ओबीसी समाज को वर्षों से संवैधानिक मान्यता प्राप्त नहीं थी लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछड़ी एवं अति पिछड़ी जाति के आरक्षण के लिए आयोग बनाया और उन्हे संवैधानिक मान्यता दी**। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने नीट-मेडिकल और एम्स में पिछड़ी जातियों को 27% आरक्षण दिया। कांग्रेस ने पिछड़े समाज के आरक्षण पर डाका डाला है, **कर्नाटक में रातों-रात कांग्रेस ने बिना किसी सर्वे के मुस्लिम समुदाय को ओबीसी**

**समाज में जोड़ दिया और उनको 5% आरक्षण भी दे दिया, आंध्रप्रदेश में कांग्रेस ने ओबीसी का 4% आरक्षण का काटकर मुस्लिम समुदाय को दे दिया**।

आदरणीय श्री शाह ने राजद प्रमुख लालू यादव पर तंज कसते हुए कहा कि **लालू यादव स्वयं को बिहार में पिछड़े समाज का हितैषी बताते हैं लेकिन देश की जनता को कांग्रेस द्वारा किए जा रहे आरक्षण पर हमले से देश को अवगत नहीं करवा रहे हैं**। कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही विशेष वर्ग को मिले आरक्षण को खत्म किया जाएगा। संविधान में अल्पसंख्यकों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोई बात नहीं लिखी है। ऐसा करना बिल्कुल गलत है और भाजपा ऐसे किसी कदम को आगे नहीं बढ़ायेगी। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाले केन्द्रीय मंत्रिमंडल में 27 मंत्री ओबीसी समाज से आते हैं, जबकि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ये आंकड़ा दोहरे अंक (डबल डिजिट) में भी नहीं था**।

भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री शाह ने कहा कि **इंडी गठबंधन की सहयोगी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक मंत्री पर ईडी द्वारा की गई रेड में उनके घर से 30 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं, दो महीने पहले झारखंड में कांग्रेस के एक सांसद के घर से 350 करोड़ रुपए मिले थे और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एक मंत्री के घर से भी 51 करोड़ रुपए बरामद हुए थे**। श्री शाह ने राजद प्रमुख लालू यादव द्वारा किए चारे घोटाले का भी विवरण देते हुए कहा कि उनकी तरह अब उनके सहयोगी भी घोटाले में लिप्त हैं। **ये घोटालेबाज ईडी-सीबीआई के जांच होने पर लोकतंत्र की दुहाई देने लगते है**। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार इन घोटालेबाजों द्वारा लूटी गई गरीब जनता की एक एक पाई उन्हें वापस लौटने के लिए काम कर रही है।

श्री शाह ने बताया की मोदी जी ने देश की जनता को निःशुल्क कोरोना वैक्सीन लगवाकर देशवासियों को जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित की है लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने स्वयं तो वैक्सीन की डोज ले ली परन्तु वैक्सीन का दुष्प्रचार कर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया था। कोरोना महामारी के संकट में एक तरफ श्री नित्यानंद राय अथक परिश्रम कर लोगों की सेवा करता कर रहे थे लेकिन दूसरी ओर विपक्ष के नेता कोरोना काल के संकट में भी राजनीति कर रहे थे। श्री नित्यानंद राय ने केंद्र सरकार से हाजीपुर से बेगुसराय तक के नेशनल हाईवे 122 की स्वीकृति लेकर जनता को हाईवे की सौगात दी है।

माननीय श्री शाह ने कहा कि 70 वर्षों से लालू और कांग्रेस पार्टी राम मंदिर के मुद्दे को लटका रही थी और लालू प्रसाद यादव ने तो श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी को जेल में डाल दिया था लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही राम मंदिर में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की है। लालू प्रसाद यादव, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी सहित इंडी गठबंधन के तमाम नेताओं ने वोटबैंक की चिंता के कारण प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। इनको अपने वोट बैंक की चिंता ज्यादा है, लेकिन भाजपा उस वोट बैंक से नहीं डरती है।

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि राजस्थान और बिहार का कश्मीर से क्या लेना देना है, सत्य ये है कि बिहार का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान तक दे सकता है। कांग्रेस ने कश्मीर में 70 वर्षों तक धारा 370 को बनाए रखा था, जिसके कारण देशभर में आतंकवाद फैलता था। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए आतंकवाद से मुक्त करने का कार्य किया है। यदि इंडी अलायंस को बहुमत मिल भी गया तो उनके पास प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी ही नहीं है। प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी के प्रश्न पर ये लोग हर वर्ष अलग-अलग प्रधानमंत्री बनाने की बात करते हैं। पूरा देश यही कह रहा है कि प्रधानमंत्री तो सिर्फ श्री नरेन्द्र मोदी जी ही बनेंगे और ऐसा इसलिए है क्योकि मोदी जी ने

80 करोड़ गरीबों का भला किया है। 80 करोड़ की जनता को 5 किलो अनाज प्रति व्यक्ति प्रति माह मिल रहा है, 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं, 4 करोड़ लोगों को घर दिया गया है, 10 करोड़ लोगों को गैस का सिलेंडर दिए गए हैं, 14 करोड़ लोगों को नल से जल दिया गया है और 55 करोड़ लोगों के 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य का पूरा खर्चा आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि यदि इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो केवल बिहार ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष में जंगलराज की स्थिति पैदा हो जाएगी। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने कुशवाहा समाज को हमेशा अपमानित करने का कार्य किया वहीं, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने श्री उपेंद्र कुशवाहा को आगे बढ़ाकर और सम्राट चौधरी को उपमुख्यमंत्री बनाकर कुशवाहा समाज को सम्मानित किया है।

माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने श्री नित्यानंद राय द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि श्री नित्यानंद राय ने पटना से बेतिया तक का राजमार्ग, नेशनल हाईवे 122, दलसिंह सराय ओवरब्रिज, हाजीपुर से सिंगोली रेल लाइन, उजियारपुर में 2000 टन क्षमता के भंडारग्रह, 3 लाख 84 हजार आवास और आयुष्मान भारत के तहत 8 लाख स्वास्थ्य कार्ड बनवाए हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में 15 लाख लोगों को निःशुल्क राशन, 8 लाख लोगों को गैस के सिलेंडर, 14 लाख परिवारों को नल से जल दिया और किसान सम्मान निधि के तहत 4 लाख किसानों सीधा लाभ दिया गया है। श्री अमित शाह ने उपस्थित जनता से स्थानीय प्रत्याशी को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाने और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

**************************